दिन– गुरुवार | दिनांक– 26/03/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अट्ठाईस हजार करोड़ रुपये की लागत से सौ हवाई अड्डों के विकास के लिए संशोधित उड़ान योजना को मंजूरी दी।

02 केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने होटलों और रेस्तरां को उपभोक्ताओं से एलपीजी शुल्क और ईंधन लागत वसूली जैसे अतिरिक्त शुल्क नहीं लेने का निर्देश दिया।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के पांचवे चरण के अंतिम दिन आज नालंदा और पटना जिले का दौरा करेंगे।

04. और, मौसम विभाग ने कल अररिया, किशनगंज, कटिहार और बेगूसराय समेत आस–पास के जिलों में धूल भरी आंधी और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना – संशोधित उड़ान योजना को वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस से वर्ष दो हजार पैंतीस–छत्तीस तक दस वर्ष के लिए लागू करने की मंजूरी दी है। इस पर अट्ठाईस हजार आठ सौ चालीस करोड़ रुपये का परिव्यय आयेगा। नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए सौ नये हवाई अड्डों का विकास किया जाएगा। इसमें टियर टू और टियर थ्री के शहरों में आर्थिक विकास, व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और लोगों को किफायती हवाई यात्रा सुगम होगी।

———साउंड बाईट———

उड़ान 2.0 इसमें 100 न्यू एयरपोर्ट को डेवलप किया जाएगा। 100 न्यू एयरपोट्र्स को चौलेंज मोड में डेवलप किया जाएगा। राज्य सरकारों को यह चौलेंज दिया जाएगा कि आप लोग प्रायोरिटी डिसाइड करो कहां पर एयरपोर्ट बनना है और लैंड्स से रिलेटेड, परमिशन से रिलेटेड कहीं पर भी कोई भी इशू आता है वह सब आप प्रायरिटी बेसिस पर क्लियर करो उस एयरपोर्ट को लिया जाएगा इस प्रोजेक्ट में।

———————————————————————

संसद ने ट्रांसजेंडर व्यक्ति–अधिकारों का संरक्षण संशोधन विधेयक दो हजार छब्बीस को पारित कर दिया है। कल राज्यसभा ने विधेयक को मंजूरी दे दी। लोकसभा इसे पहले ही पारित कर चुकी है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार ने कहा कि विधेयक में ट्रांसजेंडर की श्रेणी को फिर से परिभाषित करने, स्व–अनुभूत लैंगिक पहचान के प्रावधान को हटाने और कई सामाजिक–सांस्कृतिक पहचानों के साथ ट्रांसमैस्कुलिन व्यक्तियों को इसके दायरे से बाहर करने का प्रयास किया गया है।

———साउंड बाईट———

ट्रांसजेंडरों को कानूनी मान्यता मिलती रहेगी और उनके अधिकार पूरी तरह से सुरक्षित रहेंगे। यह अधिनियम हमारी सामूहिक अंतरात्मा की अभिव्यक्ति है। यह ट्रांसजेंडरों को सक्षम बनाने वाला है, सशक्त बनाने वाला है और समुदाय को उसको गौरव लौटाने का प्रयास है जिसे लंबे समय से हांसिए पर रखा गया था।

———————————————————————————

केन्द्र सरकार ने कहा है कि पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बढोतरी नहीं की गई है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की।

———साउंड बाईट———

हमारे पास लगभग सालाना 26 करोड़ टन कच्चे तेल को डिफाइन करने की कैपेसिटी उपलब्ध है। मैं बताना चाहती हूं कि पेट्रोल और डीजल के प्राइस में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। अतः मेरा आप सभी से आग्रह है कृपया अफवाहों पर ध्यान ना दें।

संयुक्त सचिव ने कहा कि सरकार पीएनजी विस्तार पर ध्यान दे रही है। उन्होंने बताया कि सभी राज्यों में पीएनजी कनेक्शन संबंधी आवेदन शुल्क और स्वीकृत समय—सीमा को व्यवस्थित करने के लिए गजट अधिसूचना जारी की गई है।

———————————————————————————

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने होटलों और रेस्तरां को उपभोक्ताओं से एलपीजी शुल्क और ईंधन लागत वसूली जैसे अतिरिक्त शुल्क नहीं लेने का निर्देश दिया है। प्राधिकरण ने कहा है कि वह देशभर में इस पर कड़ी निगरानी रख रहा है और इसका उल्लंघन करने पर उचित कार्रवाई की जाएगी। उपभोक्ता 1915 पर कॉल करके या एनसीएच मोबाइल ऐप के जरिए राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन पर और ई—जागृति पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके अलावा, जिलाधिकारी या सीधे प्राधिकरण को भी शिकायत की जा सकती है।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के पांचवे चरण के अंतिम दिन आज नालंदा और पटना जिले का दौरा करेंगे। इस दौरान श्री कुमार नालंदा जिले में चार सौ चौरानवे करोड़ रूपये लागत वाली एक सौ छह योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। साथ ही वे तीन सौ सोलह करोड़ रूपये की लागत से एक सौ दस योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। श्री कुमार जिले में चल ही योजनाओं की समीक्षा करेंगे तथा जनसंवाद को संबोधित करेंगे। इधर, पटना से हमारे संवाददाता ने बताया कि मुख्यमंत्री की यात्रा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है।

———साउंड बाईट———

पटना के बापू सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पांच सौ तिरासी करोड़ रूपये लागत वाली छह सौ बारह योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री चार सौ तिहरत्तर करोड़ रूपये लागत वाली सात सौ इकसठ योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। श्री कुमार जिले में चल रही विकास और कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करेंगे। साथ ही उनका जनसंवाद का भी कार्यक्रम है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

———————————————————————

निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत राज्य के निजी विद्यालयों में दिव्यांग बच्चों का भी नामांकन होगा। इस संबंध में समाज कल्याण विभाग की सचिव बंदना प्रेयषी और शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर बी. राजेन्दर ने पटना में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में प्राथमिक शिक्षा निदेशक की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने का फैसला किया गया। यह समिति निजी विद्यालयों में दिव्यांग बच्चों के नामांकन सुनिश्चित करने के लिए उठाए जाने वाले कदमों पर सुझाव देगी।

———————————————————————

कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने नाबार्ड, सहकारी बैंकों और संगठनों से किसानों को समय पर पूंजी उपलब्ध कराने, लोन का प्रवाह बढ़ाने और विभिन्न हितधारकों के बीच समन्वय स्थापित करने पर बल दिया है। श्री यादव नाबार्ड द्वारा पटना में आयोजित राज्यस्तरीय सहकारिता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये सहकारिता मंत्री प्रमोद कुमार ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहकारिता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पैक्स के कामकाज की पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जा रहा है।

———————————————————————

राज्यपाल सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन ने कल नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार मुलाकात की। वहीं, राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी मुलाकात की।

———————————————————————

चैत्र नवरात्र के आठवें दिन आज देवी दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की पूजा–अर्चना की जा रही है।

———म्यूजिक———

मान्यता है कि देवी के महागौरी स्वरूप की आराधना से भक्तों को सुख–सौभाग्य की प्राप्ति होती है तथा उनकी सभी मनाकोमनाएं पूर्ण होती हैं। माँ का यह स्वरूप अभय, रूप और सौंदर्य प्रदान करने वाला होता है। मंदिरों और शक्तिपीठों में महा अष्टमी की पूजा–अर्चना के लिये सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है। खोइंछा भरने के लिए

महिलाओं की अच्छी खासी भीड़ देखी जा रही है। आज के दिन कन्या पूजन का भी विशेष महत्व है। इधर, हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि पूजा स्थलों पर भव्य सजावट की गयी है। पूरा माहौल श्रद्धा और उत्साह के रंग में सराबोर है।

———म्यूजिक———

————————————————————

रामनवमी का त्योहार कल प्रदेशभर में पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जायेगा। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक संगठनों द्वारा झांकी और जुलूस निकाला जायेगा। पटना जंक्शन स्थित महावीर मंदिर में भक्तों के लिए मंदिर के पट आज रात दो बजे से खोल दिये जायेंगे। इधर, रामनवमी को लेकर प्रदेशभर में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने बताया कि सुरक्षा बलों की पैंतालीस अतिरिक्त कम्पनियों की तैनाती की गयी है। उन्होंने बताया कि सभी प्रमुख मंदिरों पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जायेगी। श्री कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जा रही है।

————————————————————

पश्चिम बंगाल में अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सीमावर्ती जिलों किशनगंज, कटिहार और पूर्णिया में अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में स्थानीय प्रशासन से लेकर केंद्र और राज्य सरकार की आसूचना इकाइयों को सक्रिय किया गया है।

————————————————————

मौसम विभाग ने कल से प्रदेश के मौसम में एक बार फिर बदलाव का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। विभाग के अनुसार अगले दो दिन तक राज्य के विभिन्न भागों में आंधी, बारिश और वज्रपात की आशंका है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना ने कल अररिया, किशनगंज, कटिहार, बेगूसराय समेत आस–पास के जिलों में पचास से साठ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से धूल भरी आंधी और वज्रपात की चेतावनी जारी की है।

————————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने वैशाली जिले के दिग्घी अंचल कार्यालय स्थित जिला खनन कार्यालय से डाटा ऑपरेटर राहुल कुमार रौशन और चपरासी प्रमोद कुमार को पचास हजार घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। ये दोनों शिकायतकर्ता से गिट्टी भंडारण का लाइसेंस देने के नाम पर रिश्वत ले रहे थे।

————————————————————

चैती छठ के दौरान पटना जिले में डूबने की अलग–अलग घटनों में चार युवकों की मौत हो गयी जबकि दो युवक लापता बताये जाते हैं। एसडीआरएफ की टीम दोनों लापता युवकों की तलाश कर रही है।

———————————————————————

कैमूर जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्र के नेतपुर मौजा के पास घोड़परास के झुंड के हमले में पिता–पुत्र की मौत हो गई, जबकि एक युवक घायल हो गया।

———————————————————————

नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र में हाथियों के झुंड का उत्पात जारी है। कल इस झुंड से बिछड़े एक हाथी ने सुअरलेटी इलाके में एक युवक और भैंस को कुचलकर मार डाला। वन विभाग की टीम हाथियों को वन क्षेत्र में सुरक्षित वापस पहुंचाने का प्रयास कर रही है।

———————————————————————

रोहतास जिले के दरिहट थाना क्षेत्र के भड़कुडिया गांव में एक चारपहिया वाहन की चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक घायल हो गया।

———————————————————————

निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने मधुबनी जिले के खजौली प्रखंड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिरौल में पदस्थापित शारीरिक शिक्षा अनुदेशक वीणा कुमारी अंक–पत्र फर्जी पाया है। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिये गये हैं।

———————————————————————

पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर स्थित इंडोर स्टेडियम में बिहार ओपन फिडे रेटिंग शतरंज टूर्नामेंट' के पहले दिन बिहार के रेयान मोहम्मद ने जीत हासिल की। प्रतियोगिता का उद्घाटन भारतीय ग्रैंड मास्टर नारायण श्रीनाथ और रूस के ग्रैंड मास्टर पीटर क्रियाकोव की बाजी से हुआ। इस प्रतियोगिता में देश–विदेश के छह सौ सत्रह खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

रांची के ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव स्टेडियम, खेलगांव में चल रही अट्ठाईसवीं राष्ट्रीय सेपक टाकरा प्रतियोगिता के तीसरे दिन कल बिहार की टीम ने रेगुलर श्रेणी में कांस्य पदक अपने नाम किया।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने केन्द्रीय कैबिनेट के फैसले को प्रमुखता देते हुये लिखा है– देश में सौ नये हवाई अड्डे बनेंगे।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– ईरान ने अमेरिकी प्रस्ताव ठुकराया, रखी पांच शर्तें।

प्रभात खबर लिखता है– घर के पास पीएनजी पाईप लाईन तो लेना ही होगा कनेक्शन, नहीं मिलेगा सिलेंडर।

दैनिक भास्कर ने समृद्धि यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बयान के हवाले से लिखा है– उद्यमियों को प्रोत्साहन और आर्थिक पैकेज भी।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं– मोदी फिर बने दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता, ट्रम्प काफी पीछे।

आज अखबार की सुर्खी है– वंदे मातरम् के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका खारिज।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अट्ठाईस हजार करोड़ रुपये की लागत से सौ हवाई अड्डों के विकास के लिए संशोधित उड़ान योजना को मंजूरी दी।

02 केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने होटलों और रेस्तरां को उपभोक्ताओं से एलपीजी शुल्क और ईंधन लागत वसूली जैसे अतिरिक्त शुल्क नहीं लेने का निर्देश दिया।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के पांचवे चरण के अंतिम दिन आज नालंदा और पटना जिले का दौरा करेंगे।

04. और, मौसम विभाग ने कल अररिया, किशनगंज, कटिहार और बेगूसराय समेत आस–पास के जिलों में धूल भरी आंधी और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे से प्रसारित किया जाएगा। नमस्कार।